मंगलवार
13 दिसंबर, 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



भोजपुर में ऑटो और बाइक की टक्कर में दो रिश्तेदारों की मौत, एक युवक जख्मी 3



## समस्तीपुर में सेंट्रल बैंक में 65 लाख रु. की लूट

**दिनदहाड़े वारदात से अपराधी दे रहे पुलिस को चुनौती**



समस्तीपुर में बैंक लूटकांड में शामिल एक बदमाश को ग्रामीणों पकड़ लिया।

**केटी न्यूज/पटना**

- रोसड़ा सेंट्रल बैंक की एरौत शाखा में हुई दिनदहाड़े लूट
- 5 की संख्या में आए अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम
- लूट कर बाइक से भाग रहे एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ा

बिहार में फिर से अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। सरकार और पुलिस-प्रशासन की ढिलाई का फायदा उठा अपराधी फिर से बड़ी वारदात को अंजाम देने लगे हैं। ताजा मामला समस्तीपुर का है। यहां सोमवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने शहर के रोसड़ा में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। रोसड़ा सेंट्रल बैंक की एरौत शाखा से अपराधियों ने 65 लाख रुपये लूट लिए। इसके बाद बाइक से निकल भागे। अपराधियों ने दिन के 11 बजे घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार ग्राहक बनकर पांच की संख्या में घुसे अपराधियों ने वहां बैठे सभी कर्मी को गन प्वाइंट पर कब्जे में ले लिया। पहले काउंटर पर रखे सभी रुपये लिए। इसके बाद चेस्ट में रखे सभी रुपये लेकर वहां से आराम से फरार हो गए।

**रोड ट्रांसपोर्ट कर्मी की वर्दी पहनकर बैंक में घुसे थे अपराधी:** घटना के संबंध में बैंककर्मियों ने बताया कि सभी ट्रांसपोर्ट के लिए बनी वर्दी और हेलमेट पहनकर अंदर घुसे थे। कर्मियों ने समझा रोड ट्रांसपोर्ट के कर्मी हैं। अंदर प्रवेश करते ही बैंक शाखा के तीन कर्मी और चार ग्राहकों को पिस्तौल की नोंक पर कब्जे में ले लिया। पहले कैश काउंटर पर बैठे कैशियर से सभी रुपये ले लिए। बाद में चेस्ट को खोलकर वहां रखे सभी रुपये लूट लिए। दो कार्टन, चार बैग और एक झोला में रुपये रखकर लेकर चलते बने।

### रुपये से भरा दो बैग व एक कार्टन बरामद

बैंक लूट सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। इसी दौरान मुरादपुर के रास्ते भाग रहे एक बदमाश को लोगों ने बाइक समेत पकड़ लिया। उसका दूसरा साथी भाग निकलने में कामयाब रहा। पकड़े गए बदमाश के पास से रुपये से भरा दो बैग व एक कार्टन बरामद हुआ। एक बदमाश की पहचान बछवाड़ा निवासी राजन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर एसपी हृदयकांत भी घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों द्वारा चौर में अपराधियों के भागने की बात कही गई। इसके बाद एसपी के नेतृत्व में करीब दो घंटे तक चौर में पुलिस खाक छानती रही, लेकिन इसमें कोई सफलता हासिल नहीं हुई।

**कैबिनेट की बैठक : 12 एजेंडों पर लगी मुहर, सिंगल यूज पॉलिथीन के उपयोग पर सख्त हुई नीतीश सरकार**

# पॉलिथीन छोड़ें, नहीं तो भरना होगा जुर्माना

- **अब तो पॉलिथीन को ना कहें, घर से झोला लेकर आएं, नहीं तो होगी जेब ढीली**
- **पॉलिथीन देनेवाले दुकानदारों पर 1500 से 3500 रुपए तक लगेगा जुर्माना**

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 12 एजेंडों पर मुहर लगी है। बैठक के दौरान बिहार नगरपालिका प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन मॉडल उपविधि 2022 को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत नगरपालिका क्षेत्र में एकल उपयोग प्लास्टिक पर बैन के बाद अब जुमार्ना का प्रावधान किया गया है। अगर आप बाजार में सिंगल यूज पॉलिथीन का प्रयोग करते पकड़े गए तो आपको भी जुर्माना देना होगा। इसके साथ ही कैबिनेट ने बिहार खेल प्राधिकरण पटना से सुगम संचालन के लिए बायलॉज के प्रारूप और प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। इसके अलावे कैबिनेट ने बिहार नगरपालिका प्लास्टिक अपशिष्ट संशोधन मॉडल उपविधि 2022 की स्वीकृति दी है। नीतीश कैबिनेट ने भागलपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए पांच अतिरिक्त पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है।

### पहली बार पकड़े गए तो देना होगा 100 रुपया

कैबिनेट की मीटिंग के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते अगर आम आदमी भी पकड़े गये तो उन्हें जुर्माना देना होगा। इसके लिए कई कटेगरी बनाई गई है। पहली बार पकड़े गए तो 100, दूसरी बार पकड़े गए तो 200,अगर तीसरी दफे पकड़े गए तो 500 जुर्माना लगेगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के कमर्शियल उपयोग पर पहली दफे डेढ़ हजार रू, फिर ढाई हजार उसके बाद 3500 रू फाइन लगेगा। प्लास्टिक अपशिष्ट को खुले में जलाने पर पहली दफे 2000 दूसरी दफे 3000 और तीसरी दफे 5000 फाइन लिए जाएंगे. सार्वजनिक स्थानों जैसे पार्क, नाला, पुरातात्विक स्थल एवं



अन्य प्रतिबंधित स्थानों पर प्लास्टिक अपशिष्ट फैलाने पर पहली दफा 1000 दूसरी दफे 1500 तीसरी दफे 2000 का जुमार्ना लगेगा। नगर पालिका क्षेत्र को बिना सूचना दिए कोई खेल आयोजन करने या 100 से अधिक व्यक्तियों के जमा करने के जिम्मेदार प्रत्येक व्यक्ति पर 1500, 2000 और तीसरे दफे 2500 जुर्माना लगेगा।

### विकास प्रबंधन संस्थान के लिए मिले 98 करोड़

पटना हाईकोर्ट की स्थापना में बेंच सेक्रेटरी के 64 स्वीकृत पदों में से 10 पदों को उत्क्रमित करते हुए बेंच सेक्रेटरी संवर्ग के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई है। सरकारी सेवकों को प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अवसरों की सीमा के संबंध में स्वीकृति दी गई है। पीएमसीएच में ग्रीन केंद्र बिजली उप केंद्र की अधिष्ठापन के लिए 2 अरब 55 करोड़ 89 लाख 71 हजार स्कीम की स्वीकृति दी गई है। विकास प्रबंधन संस्थान के अस्थाई कैंपस के संचालन एवं स्थापना पर कुल संभावित व्यय 98 करोड़ 35 लाख अनुदान की स्वीकृति दी गई है। राज्य क्षतिपूर्ति वन रोपण निधि के अंतर्गत राष्ट्रीय प्राधिकरण कैंपा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृति के आलोक में 115 करोड़ 41 लाख 42 हजार 540 की प्रशासनिक एवं व्यय की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई है। गोपालगंज पुलिस केंद्र में प्रस्तावित भवन एवं आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए 54 करोड़ 97 लाख 56000 की नई स्कीम की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

### बिहार खेल प्राधिकरण के संचालन का रास्ता साफ

बिहार खेल प्राधिकरण पटना के सुगम संचालन के लिए बायलॉज के प्रारूप एवं प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई है। इससे राज्य में खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं भागलपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग पढ़ाई के लिए 5 अतिरिक्त शैक्षणिक पद जिसमें सह-प्राध्यापक दो एवं सहायक प्राध्यापक तीन तथा गया इंजीनियरिंग कॉलेज एवं दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज में इंजीनियिंग पाठ्यक्रम हेतु 2-2 अतिरिक्त पद यानी कुल 9 शैक्षणिक पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज में फायर टेक्नोलॉजी एवं सेफ्टी पाठ्यक्रम के लिए 12 अतिरिक्त शैक्षणिक पदों एवं बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में इसी पाठ्यक्रम के लिए 6 अतिरिक्त शैक्षणिक पदों कुल 18 शैक्षणिक पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

### 2000 के नोट वापस ले सरकार : सुशील मोदी

**नई दिल्ली।** वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद चलन में आए 2000 के नोट को बंद करने की वकालत राज्यसभा सांसद व बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने की है। सोमवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि 2000 का नोट का मतलब ब्लैक मनी हो चुका है। उन्होंने कहा, सरकार को जनता को समय देकर 2000 रुपये के नोट को वापस ले लेना चाहिए। सुशील मोदी ने कहा, 2000 के नोट क्षणिक तौर पर लाए गए थे। आरबीआई ने 3 साल से छपाई बंद कर दी है। अब बाजार में ये नोट नहीं दिखते। इसका इस्तेमाल काले धन के तौर पर हो रहा है। सरकार को इसे बैन करने पर विचार करना चाहिए। उनके इस मांग ने मोदी सरकार के फैसले पर सवालिया निशान लगा दिया है।

**मध्यप्रदेश में 16 किलो सोना लूटकांड में पुलिस को मिली एक और सफलता**

## बक्सर से दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

- गिरफ्तार आरोपी के पास से दो किलो सोना बरामद
- लूट कांड में बक्सर शहर से यह दूसरी गिरफ्तारी है

पुलिस ने बक्सर के सोहनीपट्टी में छापेमारी कर मिथिलेश नामक युवक को 2 किलो सोना के साथ गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 26 नवंबर को मध्य प्रदेश के कटनी में मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस से हुए 16 किलो सोना और 3.5 लाख रुपये कैश लूट मामले में की गई है। गिरफ्तारी की इस पूरी कार्रवाई में पटना पुलिस के विशेष टीम के साथ स्थानीय नगर थाने की पुलिस तथा डीआइयू एवं टाइगर मोबाइल की टीम भी शामिल थी।

इस गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस टीम लेकर पटना लेकर गई है। जहां उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिथिलेश की गिरफ्तारी से पुलिस को उम्मीद है कि इस बड़े लूट कांड के राज से पर्दा उठ जाएगा। क्योंकि पकड़े गए मिथिलेश के पास से पुलिस ने लूट का 2 किलो सोना भी बरामद किया है। इस लूट कांड में बक्सर शहर से यह दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पूर्व 29 नवंबर को पुलिस ने शाहबाज नामक युवक को गिरफ्तार किया था। उसी की निशानदेही पर पुलिस ने मिथिलेश सिंह उर्फ अमित को गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि लूट की वारदात में मिथिलेश की भूमिका महत्वपूर्ण रही थी। लूटे गए सोने को कार से लेकर एमपी से दानापुर लेकर मिथलेश पहुंचा था। मध्यप्रदेश में हुई लूट के बाद सोने की खेप मिथिलेश कार में छिपाकर दानापुर लेकर आया था। जहां उसने इसे छिपा दिया और फिर बक्सर चला आया। मिथिलेश के साथ-साथ लूट कांड में शामिल अन्य शातिर भी इधर-उधर जाकर छुप गए थे। बताया जाता है कि इस लूटकांड में छह अपराधियों ने अंजाम दिया था। जिनमें शुभम तिवारी और अंकुश को बाइक के साथ 26 नवंबर की देर रात को मध्यप्रदेश के मंडला जिले के हाइवे से मध्य प्रदेश की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया था।

## कोटा में पढ़नेवाले तीन छात्रों ने की आत्महत्या, इनमें दो बिहार के

**केटी न्यूज/पटना**

- छात्र अंकुश यादव सुपौल व उज्ज्वल गया का रहनेवाला था

राजस्थान के कोटा में नीट और आईआईटी की तैयारी कर रहे तीन छात्रों ने आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इनमें दो छात्र बिहार के रहने वाले थे। उन्होंने फांसी लगा ली, जबकि एक अन्य मध्य प्रदेश के छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड करने वाले दोनों छात्रों के कमरे आमने-सामने थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की पड़ताल की। पहला मामला कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के लैंडमार्क सिटी का है। यहां मध्य प्रदेश के शिवपुरी निवासी प्रणव वर्मा ने अपने रूम पर ही जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। कुन्हाड़ी पुलिस का कहना है कि प्रणव पिछले 2 वर्षों से कोटा में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा था। दूसरा मामला जवाहर नगर थाने के तलवंडी राधा कृष्ण मंदिर के पास का है। यहां पीजी में रहने वाले दो छात्रों ने अपने-अपने कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इनमें अंकुश यादव बिहार के सुपौल का रहने वाला था, वह नीट की तैयारी कर रहा था, जबकि उज्जवल बिहार के गया का निवासी था, वह जेईई की तैयारी कर रहा था. दोनों 7 महीने से एक ही हॉस्टल में रह रहे थे।

### कांग्रेस नेता के विवादित बोल, कहा... नरेंद्र मोदी की हत्या को तत्पर रहो

**भोपाल।** कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री ने पीएम मोदी पर विवादित बयान दिया है। कांग्रेस नेता राजा पटेरिया ने एक सभा में सरेआम लोगों से अपील कि अगर संविधान को बचाना है तो मोदी की हत्या को तत्पर रहो। फिर उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि हत्या का मतलब हराना है। अब इस पर विवाद बढ़ गया है। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये विद्वेष की पराकाष्ठा है। ये घृणा की अति है। कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गये हैं। पटेरिया का यह बयान 11 दिसंबर का है। वे पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकताओं से बात कर रहे थे। तभी उन्होंने कहा कि 'मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस ... हराने के लिए तैयार रहो।' वहीं मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पटेरिया पर एफआईआर के निर्देश दिये। इसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद पटेरिया ने सोमवार को सफाई दी और एक वीडियो जारी किया।

## जनता दरबार: सीएम ने 54 लोगों की सुनी फरियाद, उचित कार्रवाई का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में सोमवार को जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 54 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों इसके समाधान के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

मुजफ्फरपुर जिला से आई एक महिला ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पति की वर्ष 2021 में कोरोना से मृत्यु हो गई थी लेकिन अब तक किसी तरह की सहायता राशि नहीं मिली है। वहीं बेतिया जिला से आयी एक महिला ने भी मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मेरे पति की कोरोना से मृत्यु होने के बाद अब तक मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया

मुजफ्फरपुर जिला से आयी एक महिला ने कहा कि राज्य सरकार से अनुदानित कॉलेज के सेक्रेट्री ने कॉलेज में तालाबंदी करके रखा है और हमलोगों को किसी प्रकार के अनुदान का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं भागलपुर जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि 2016 में मैट्रिक प्रथम श्रेणी से पास करने के बाद भी आज तक मुझे प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को मामले की जांचकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया

पश्चिम चंपारण जिला से आयी एक महिला ने कहा कि मेरे बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई लेकिन अनुग्रह अनुदान राशि का आज तक भुगतान नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सहरसा जिला से आए एक युवक ने कहा कि मेरे गांव के दोनों किनारे नदी है लेकिन हमारे गांव में कोई भी स्वास्थ्य केंद्र नहीं है जिससे लोगों को इलाज कराने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

सीतामढ़ी जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पिताजी खेती के लिए जा रहे थे लेकिन बाढ़ में डूबने से वो लापता हो गए और आज तक उनका कुछ अता पता नहीं मिल पाया है। वहीं सीतामढ़ी जिला से आए एक अन्य युवक ने गुहार लगाते हुए कहा कि बाढ़ के दौरान मेरी मां की सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी, लेकिन आज तक किसी तरह की अनुग्रह राशि नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को मामले में शीघ्र जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



जनता के दरबार कार्यक्रम में फरियाद सुनते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

### बंगाल से आगरा जा रही बस कुदरा में ट्रक से टकराई, 35 घायल

**कुदरा।** बंगाल से आगरा जा रही एक पर्यटक बस की कुदरा थाना क्षेत्र के चिलबिली गांव के समीप बालू लदे ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में जहां बस के परखच्चे उड़ गए वहीं पर्यटक बस में कुल 55 पर्यटक बैठे हुए थे। इसमें 35 पर्यटक बुरी तरह घायल हो गए वहीं ड्राइवर की मौत हो गई। बस में यात्रा कर रही यात्री अनिता दास ने बताया कि बंगाल से बस आगरा जा रही थी। सभी लोग एक ढाबे पर रुक करके चाय पीए। इसके बाद बस जैसे ही आगे बढ़ी तो दो-तीन मिनट बाद ही टक्कर हो गई।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बस गुरु नानक बसेरा होटल के पास रुकी थी। उसके बाद जैसे ही बस चली, थोड़ी दूर जाने के बाद तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से बस करीब 500 मीटर तक घसीट गया। इसमें 35 लोग घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए कुदरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहीं एनएचआई के कर्मी रामेश्वर राम ने बताया कि बस उल्टे साइड जा रही थी, जहां ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई. घायलों को इलाज के लिए भेजा गया। इस कार्य में एनएचआई के 12 लोग लगे थे।



## खबरें फटाफट

### कार ने पेंटर को मारी टक्कर, घायल

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन के पास सोमवार की दोपहर कार ने पैदल जा रहे पेंटर को ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी पेंटर नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी नारायण प्रसाद का 45 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार है। उसने बताया कि वह मोहल्ले में ही पेंट का काम कर रहा था। सोमवार की दोपहर वह पेंट लेने के लिए पुरानी पुलिस लाइन स्थित दुकान पर जा रहा था। तभी एक कार ने उसे टक्कर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### दो बाइक की सीधी भिड़ंत में सगे भाई समेत तीन जख्मी

**आरा।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर व सिकरौल गांव के समीप सोमवार की शाम दो बाइक की भिड़ंत हो गई। उसमें बाइक सवार सगे भाई समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनमें दोनों भाइयों को इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य युवक का इलाज निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। घायलों में सिकरहट्टा थाने के नावाडीह गांव निवासी 36 वर्षीय बड़े लाल साह और 38 वर्षीय पुत्र उमेश साह शामिल हैं।परिजन दीनानाथ कुमार ने बताया कि वह दोनों सोमवार की शाम बाइक से फतेहपुर बाजार मार्केटिंग करने गए थे। वापस घर लौटते समय। फतेहपुर और सिकरौल के बीच सामने से आ रही दूसरी बाइक सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। उससे तीनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार महिला जख्मी, पटना रेफर

**आरा।** जिले के धोबहा ओपी क्षेत्र के बेलघाट गांव के पास सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सदर अस्पताल में इलाज के बाद जख्मी महिला को पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी महिला टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल निचली कल निवासी श्याम किशोर की 40 वर्षीया पत्नी रीता देवी हैं। उनके बेटे अमरजीत ने बताया कि सोमवार की शाम वह अपनी मां के साथ बाइक से बेलघाट गांव स्थित अपने रिश्तेदार के यहां मड़वान में गया था। देर शाम वह अपनी मां के साथ बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान बेलघाट गांव के समीप ही अचानक उसकी बाइक के चक्के के नीचे गिट्टी आ गया। उसके कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। उससे वह बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

# कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए वीएचएसएनडी के पूर्व होगी वृद्धि निगरानी

- जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को जारी किए गए दिशा-निर्देश
- कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए आयोजित किए जाएंगे वजन सप्ताह

**केटी न्यूज/आरा**

जिले से कुपोषण को दूर करने के लिए आईसीडीएस ने कवायद तेज कर दी है। विभाग ने कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वीएचएसएनडी के पूर्व 0-6 वर्ष के बच्चों की होगी वृद्धि निगरानी की जानी है। कुपोषण की समय पर पहचान के लिए नियमित रूप से वृद्धि निगरानी आवश्यक है, ताकि कुपोषित बच्चों में कुपोषण को समय से दूर करने की योजना से लाभान्वित करते हुए उचित परामर्श दिया जा सके। जिसको देखते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन सप्ताह का आयोजन कर सभी बच्चों की वृद्धि माप की जाएगी। वीएचएसएनडी के दिन चिह्नित गंभीर कुपोषित बच्चों का एएनएम के द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी। अति गंभीर कुपोषित बच्चों, जिन्हें पोषण के साथ चिकित्सा की भी आवश्यकता है उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) रेफर किया जाएगा। अन्य कुपोषित बच्चों के माता-पिता एवं देखभालकर्ता को आहार विविधता, उच्च ऊर्जा युक्त भोजन, व्यतिगत स्वच्छता पर परामर्श एवं स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित सेवाओं से जोड़ा जाएगा।

**वृद्धि निगरानी के सभी आंकड़ों की प्रविष्टि पोषण ट्रैकर एप में दर्ज करना अनिवार्य :** आईसीडीएस की डीपीओ माला कुमारी ने बताया कि विभागीय निर्देश के तहत जिले के परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को वृद्धि निगरानी के संबंध में जानकारी दी जा चुकी है। ताकि, वृद्धि निगरानी के सभी आंकड़ों की प्रविष्टि पोषण ट्रैकर एप में दर्ज की जा सके।




### वृद्धि निगरानी से पूर्व की जानी वाली गतिविधियां

राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक पीयूष पराग यादव ने बताया कि वृद्धि निगरानी से पूर्व आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को उनके पोषण क्षेत्र के सभी 0-6 वर्ष तक के बच्चों का नाम पोषण ट्रैकर के सर्वे रजिस्टर में संधारित करना है। ताकि, कोई बच्चा वृद्धि निगरानी प्रक्रिया से वंचित नहीं रहे। सभी बच्चों के परिवारों विशेषकर कुपोषित व अति-गंभीर कुपोषित बच्चों और कम वजन के बच्चों के अभिभावकों को पूर्व में सूचना देना है। जिससे वृद्धि निगरानी सप्ताह के दौरान उनकी उपस्थिति को सुनिश्चित की जा सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 0-6 वर्ष तक के बच्चों को उनके गृह क्षेत्र के अनुसार बांटा जा सकता और उसी अनुसार सूचना देकर उनको वृद्धि निगरानी के लिए आंगनवाड़ी केंद्र में बुलाया जा सकता है। आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण निगरानी सप्ताह हेतु आवश्यक उपकरण जैसे मां और बच्चे हेतु डिजिटल वजन मशीन, इन्फेटोमीटर, स्टेडिओमीटर एवं बेबी वजन मशीन की भी पूर्व में जांच कर लेनी है।

इसके लिए प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह को वृद्धि निगरानी सप्ताह के रूप में आयोजित करते हुए मापित आंकड़ों का पोषण ट्रैकर में प्रविष्टि कराना सुनिश्चित किया जाएगा। बाल अवस्था में विकास की तीव्र गति को देखते हुए समय-समय पर वृद्धि और विकास की गति और दर की पहचान किया जाना आवश्यक हैं। सतत निगरानी से शारीरिक माप में आये अंतर की पहचान होती हैं और माता-पिता को सही समय पर उचित परामर्श दिया जा सकता हैं। इसके फलस्वरूप पहचान किये गये कुपोषित बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं, अतिरिक्त पोषण और परामर्श द्वारा उनकी जान बचाई जा सकती और उनके पोषण स्तर को सुधारा जा सकता है।

### सड़क दुर्घटना में बक्सर के बुजुर्ग की भोजपुर में मौत, घर में मचा कोहराम

# भोजपुर में ऑटो और बाइक की टक्कर में दो रिश्तेदारों की मौत, एक युवक जख्मी

- बक्सर से बाइक से भोजपुर आ रहे थे तीनों, बीच रास्ते में ऑटो से हो गयी टक्कर
- मरने वालों में एक बक्सर, तो दूसरा भोजपुर का रहने वाला
- आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान दोनों ने रास्ते में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के आरा-मोहनियां हाईवे पर दुल्हीनगंज बाजार के समीप सोमवार की दोपहर ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। उसमें बाइक सवार भोजपुर और बक्सर के रहने वाले दो लोगों की मौत हो गयी। हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक और घायल आपस में रिश्तेदार थे। मरने वालों में बक्सर जिले के कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोपवां गांव निवासी बालेश्वर सिंह (60 वर्षीय) और भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के अहपुरा गांव निवासी अजय सिंह का बेटा रौशन सिंह (26 वर्षीय) शामिल हैं। जख्मी कोपवां गांव निवासी बालेश्वर सिंह का 26 वर्षीय पुत्र ब्रजेश सिंह था। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। हादसे में उसके पिता और साले की मौत हुई है। रौशन सिंह पेशे से चालक था और संदेश की गैस एजेंसी की गाड़ी चलाता था।



अस्पताल में रोते बिलखते परिजन।

**डेढ़ माह पहले रौशन की हुई थी शादी :** बताया जा रहा है कि हादसे के शिकार संदेश के अहपुरा गांव निवासी मृतक रौशन सिंह पेशे से चालक था। वह संदेश गांव स्थित एक गैस एजेंसी में गाड़ी चलाता था। उसकी शादी डेढ़ वर्ष पूर्व ज्योति के साथ हुई थी। उसे चार माह का एक पुत्र भी है। ऐसे हादसे में उसकी मौत से चार माह के मासूम से पिता का प्यार छीन गया, तो पत्नी ज्योति का सुहाग उजड़ गया। उसके परिवार में पत्नी व बेटे के अलावे भाई रोहित कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, बहन नेहा देवी और निक्की कुमारी है। वहीं, बालेश्वर सिंह को दो पुत्री रूबी कुमारी, अनिता कुमारी और पुत्र ब्रजेश सिंह है। उनकी पत्नी निर्मला देवी की मौत कई वर्ष पूर्व हो गई थी।

### तीन दिन पहले अपनी बहन के घर गया था रौशन

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रौशन सिंह तीन दिन पूर्व किसी काम से अपनी बहन नेहा देवी के ससुराल बक्सर के कोपवां गांव गया था। सोमवार की दोपहर वह अपने जीजा ब्रजेश सिंह और उनके पिता बालेश्वर सिंह के साथ बाइक से अपने गांव लौट रहा था। तभी दुल्हीनगंज बाजार के समीप सामने से आ रहे ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद तीनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने रौशन सिंह और बालेश्वर सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तेज रफ्तार के कहर ने फिर दो घरों की खुशियां छीन ली। हादसे की खबर से एक साथ दोनों घरों में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### शहर की हालत किसी से छुपी नहीं है, नगर निगम नरक निगम बन चुका है : इंदु देवी



**आरा।** महापौर प्रत्याशी इंदु देवी का चुनाव हेतु कतिरा स्थित जैन साहब का हाता में प्रधान कार्यालय का उद्घाटन पूर्व उपमहापौर व पार्षद मालती देवी डॉ. कांति सिंह, मेजर राणा प्रताप सिंह, उमाशंकर सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यालय के उद्घाटन के पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर प्रत्याशी इंदु देवी ने कहा कि आज शहर की हालत किसी से छुपी नहीं है। पूरा आरा नगर निगम नरक निगम बन चुका है। विकास नाम का चीज नहीं है, हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यहां बिना काम कराये करोड़ों का घोटाला हुआ है। अब जनता परिवर्तन के लिए मन बना चूंकि हैं। हमें सभी वर्ग व समुदाय का आपार जन समर्थन मिल रहा है। वहीं नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी प्रेम पंकज ललन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वो सालों से समाजसेवा करते आ रहे हैं और उन्होंने आरा के विकास का जो संकल्प लिया है, आज उनकी धर्म पत्नी इंदु देवी महापौर प्रत्याशी के रूप में खड़ा कर पूरा किया है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि ईवीएम के क्रम संख्या दो पर चुनाव चिन्ह मोटरसाइकिल छाप पर बटन दबाकर उनकी पत्नी को वियजी बनायें। ताकि, वो आरा शहर का विकास के सपनों को पूरा कर सकें। मंचासीन अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी, डॉ विजय गुप्ता, ज्योति शाहबादी, वंदिता देवी, अंजनी चौधरी, मनोरंजन कुशवाहा, अखिलेश पांडेय, पियुष कुमार, अजय गुप्ता, प्रदीप बदलानी, नरेंद्र सिंह अभिमन्यु सिंह, अशोक सिंह, राजन नैयर, राजेन्द्र सिंह, नवीन प्रकाश सिंह, रानु चौरसिया, बिभू जैन, मुन्ना सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हिंदू जागरण मंच सोना लाल, विशाल सिंह, शंभु नाथ प्रसाद, शंभु नाथ केशरी, विष्णु शंकर, प्रिंस सिंह सोनु तिवारी, राहुल बदलानी शन्नी शाहबादी आलोक अंजन राजीव रंजन अभिजित आनंद पुनित राज आदित्य सिंह आदि अनिल सिंह पवन सत्यार्थी विमलेश कुमार काका जी अखिलेश सैनी, रोहित श्रीवास्तव मुन्ना सोनी, प्रियांशु पांडेय सहित हजारों लोग उपस्थित थें

### जहानाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेगी मानस की अपराजिता



**जहानाबाद।** 30वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस, 2022 में राष्ट्रीय स्तरीय हेतु परियोजना चयन एवं समृद्धिकरण कार्यशाला 9 से 11 दिसंबर 2022 को तारामंडल सभागार पटना में संपन्न हुआ। इसमें स्टेट अवार्डी के रूप में 50 बाल वैज्ञानिक जो उड़ान इंटरनेशनल स्कूल बेगूसराय (4 से 6 नवंबर) में चयनित हुए थे, इनमें से बाल वैज्ञानिक इस कार्यक्रम में नेशनल अवार्ड के लिए चयनित हुए हैं। जो 27 से 31 जनवरी 2023 में नेशनल लेवल प्रोग्राम गुजरात के अहमदाबाद साइंस सिटी में भाग लेंगे। अपराजिता नारायण जहानाबाद के बभना स्थित मानस विद्यालय की छात्रा है। अपराजिता अब राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने घर में बर्बाद हुए चोकर से प्लेट बनाई है। जो पूरी तरह से प्रदुषण रहित है। यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। वो ना केवल स्कूल बल्कि जिला जहानाबाद का नाम रोशन करेंगी।

### किसानों के साथ विचार-विमर्श कर उनके सुझावों को किया गया संकलित

**आरा।** जिला कृषि कार्यालय के तत्वाधान में चौथे कृषि रोड मैप के सुत्रण हेतु किसानों के साथ जिला स्तर पर विचार विमर्श एवं उनके सुझावों को संकलित करने हेतु कार्यशाला का आयोजन नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी भोजपुर श्री राजकुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कृषि रोड मैप के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चतुर्थ कृषि रोड मैप के कार्यान्वयन से खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, किसानों के आमदनी वृद्धि एवं अन्य तकनीकी पहलुओं को सम्मिलित कर किसानों के लिए लाभकारी बनाया जाऐगा। इसी के तहत आज किसानों के साथ विचार-विमर्श कर उनके सुझाव को प्राप्त कर संकलन किया जायेगा एवं सरकार को भेजा जायेगा। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी किसानों का सुझाव प्राप्त कर संकलित करें। पटना से अपर निदेशक (शष्य)-सह-नोडल पदाधिकारी, पीएम किसान योजना, कृषि निदेशालय, बिहार, पटना धनन्जयपति त्रिपाठी ने बताया कि चतुर्थ कृषि रोड मैप में उन सभी पहलुओं को सम्मिलित किया जाना है कि जिससे किसान को आमदनी के साथ-साथ उनके तकनीकी जानकारी की बढ़ोतरी की जानी है। जिला कृषि पदाधिकारी, भरत प्रसाद सिंह द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया गया कि जिला स्तर पर कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं किसानों से सुझाव लिया जा रहा है। ताकि किसानों से मिले सुझाव के आधार पर पांच साल के लिए कृषि रोड मैप तैयार किया जा सके।

## तार जोड़ने के दौरान करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

- जगदीशपुर नगर के महादेवा मोहल्ला की सोमवार सुबह की घटना
- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर नगर के महादेवा मोहल्ले में सोमवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक महादेवा मोहल्ला वार्ड नंबर एक निवासी गुलाबचंद सिंह का 25 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार था। वह टेंट हाउस में मजदूर काम करता था। उसके चाचा शशिकांत सिंह ने बताया कि गांव के स्थित ही टेंट हाउस में काम करता है।

सोमवार की सुबह वह मोहल्ले में ही टेंट लगा रहा था। उस दौरान वह लकड़ी की सीढ़ी पर चढ़ जेनरेटर का तार जोड़ रहा था। तभी सीढ़ी फिसल कर बिजली के पोल से टकरा गयी। उससे वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों द्वारा से मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि आशीष कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में मां धर्मशीला देवी, भाई धीरज कुमार,कन्हैया कुमार और बहन प्रभावती देवी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां धर्मशीला देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## योजनाओं का स्थल पर्यवेक्षण कर उसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएं : डीएम

- जिलाधिकारी ने तकनीकी सहायक पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी तकनीकी सहायक पदाधिकारियों के साथ जिले में चल रही योजनाओं एवं कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निदेश दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण प्रमंडल को निदेश दिया गया कि अपने-अपने योजनाओं के कार्यों का स्थल पर जाकर सतत पर्यवेक्षण कर उसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायेंगे। साथ हीं भूमि अधिग्रहण सतत लीज नीति के तहत अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की सूचना पी.एम.जी. के वाट्स एप ग्रुप पर अचूक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सभी अंचल अधिकारी और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि भू-अर्जन के मामलों को प्राथमिकता पर रखकर निष्पादित किया जाए। सभी अंचल अधिकारी को निदेश दिया गया कि ग्रामीण कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महादलित विकास मिशन की योजनाओं की भूमि अविलम्ब मापी कराकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने बराबर रोपवे से संबंधित सहायक अभियंता को निदेश दिया कि 14 दिसम्बर को दामोदर रोपवे, कोलकता के साथ बैठक कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ हीं अंचल अधिकारी, मखदुमपुर के प्रतिनिधि को निदेश दिया गया कि हर हाल में बराबर पर्यटन क्षेत्र स्थल के अतिक्रमित भूमि को 02 दिनों के अंदर मुक्त कराया जाए तथा उसका प्रतिवेदन अविलम्ब उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया गया।



बैठक में शामिल जिलाधिकारी व अधिकारीगण।

# अब दो पालियों में शुरू हुआ सदर अस्पताल का ओपीडी संचालन

- पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 2 बजे एवं दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक
- अपर सचिव स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश पर किया गया बदलाव

**केटी न्यूज/सासाराम**

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए बिहार सरकार लगातार प्रयासरत है। इसको लेकर मिशन 60 अभियान भी चलाया गया था। मिशन 60 के तहत सरकारी अस्पतालों में बुनियादी कार्यों के साथ साथ चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी पत्र के आलोक में सोमवार से सदर अस्पताल के ओपीडी संचालन में बदलाव किया गया है। जारी पत्र के आलोक में रोहतास सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने शनिवार को विभागीय पत्र जारी कर सोमवार 12 दिसंबर से ओपीडी को दो पालियों में संचालित करने का निर्देश दिया था। जिसके आलोक में सोमवार से ओपीडी का संचालन दो पालियों में कर दिया गया। पहली पाली में पंजीकरण का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1.30 तक कर दिया गया है जबकि बाह्य कक्ष का संचालन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। वहीं दूसरी पाली में बाह्य कक्ष में पंजीकरण का समय दोपहर 3 बजे से शाम 4.30 बजे तक किया जाएगा। बाह्य कक्ष का संचालन दोपहर 3 बजे से शाम पांच बजे तक कर दिया गया है।




**तैयार किए जा रहे हैं रोस्टर :** सदर अस्पताल में रजिस्ट्रेशन एवं ओपीडी में मरीजों के उपचार के समय सारणी में किए के बदलाव के बाद अब डॉक्टरों के साथ साथ अन्य सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों की रोस्टर बनाए जा रहे हैं। रोस्टर के अनुसार सभी स्वास्थ्य कर्मी ओपीडी संचालन में हुए बदलाव के अनुसार अब अपनी ड्यूटी करेंगे। वहीं सदर अस्पताल में ओटी भी चौबीसों घंटे संचालित होता रहेगा। सामान्य दिनों में सुबह 8 बजे से दोपहर दो बजे तक ओटी की सुविधा रहेगी लेकिन आपात स्थिति में सदर अस्पताल का ओटी चौबीसों घंटे काम करेगा।

### रोस्टर के अनुसार करने होंगे कार्य : सीएस

सदर अस्पताल के ओपीडी में हुए बदलाव को लेकर सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, पटना के दिशा निर्देश पर सदर अस्पताल में ओपीडी का संचालन दो पालियों में कर दिया गया है। दोनों पालियों को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों की रोस्टर तैयार कर ली गई है। सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने-अपने रोस्टर के अनुसार ही कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार से दो पालियों में ओपीडी का संचालन शुरू कर दिया गया है। इसकी टाइमिंग भी निर्धारित कर दी गई है। साथ ही, चिकित्सकों की ड्यूटी की निगरानी राज्य मुख्यालय के द्वारा बायो मिट्रिक उपस्थिति के माध्यम से की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### चोरी के आरोप में किशोर को पीटा

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुंगांव गांव में चोरी का आरोप लगाकर एक 15 वर्षीय किशोर की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोर के पिता उपेंद्र राम ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि गांव के ही विनय सिंह, यदुविजय सिंह और धीरज सिंह मेरे दरवाजे पर आ धमके और चोरी का आरोप लगाते हुए मेरे किशोर पुत्र को गाली–गलौज देते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। इस दौरान उसे गंभीर चोटें आयी है, जिसका इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला को दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दी है।

### जमीन विवाद में भिड़े दो पक्ष, कई जख्मी

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाईच गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा सोमवार को एक दूसरे के खिलाफ स्थानीय थाना में नामजद प्रथमिकी दर्ज कराया गया है। एक पक्ष के रघुनाथ ने सर्वजीत दुबे, विद्या सागर दुबे, विकाश दुबे, सन्नी दुबे, एवं शिव सागर दुबे के खिलाफ नामजद प्रथमिकी दर्ज कराया है वही दूसरे पक्ष के सर्वजीत दुबे के लिखित आवेदन पर हवलदार दुबे, रघुनाथ दुबे, पवन दुबे सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बतलाया कि दोनों पक्षो के लिखित आवेदन पर एक दूसरे के खिलाफ नामजद प्रथमिकी दर्ज की गई है।

### वन स्टेप ग्लोबल नर्सरी स्कूल का उद्घाटन

**डुमरांव।** नगर के ढेलवानी मोहल्ला में सोमवार को वन स्टेप ग्लोबल नर्सरी स्कूल का उद्घाटन किया गया। स्कूल का उद्घाटन हाजी मास्टर हन्नान के द्वारा किया गया। इस दौरान मोहम्मद युनुस, खुर्शीद आलम, नसर हाशमी, जफर इकबाल, नदीमुल्लाह खान, समीर हाशमी, शबनम खातून, दुर्गेश समेत समस्त शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहें। संचालक ने बताया कि इस स्कूल में नर्सरी से वर्ग पांच तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा की जाएगी।

# तैयारी: खसरा- रुबैला व नियमित टीकाकरण के लिए घर-घर सर्वे करेंगी आशा कार्यकर्ता

- 12 से 16 दिसंबर तक शून्य से पांच वर्ष तक के आयुवर्ग के बच्चों का किया जाएगा गुणवत्तापूर्ण सर्वे
- सर्वे के बाद छूटे हुए लाभार्थियों का किया जाएगा टीकाकरण

**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर जिले में खसरा- रुबैला से बचाव के लिए गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। इस क्रम में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में सर्वे का काम शुरू किया गया है। जिसमें आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के आयुवर्ग के बच्चों का गुणवत्तापूर्ण सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वे 12 से 16 दिसंबर तक जिले के सभी प्रखंडों में किया जाएगा। जिसके बाद एमआर, जीरो डोज व अन्य टीकों से वंचित लाभार्थी बच्चों की लाइनलिस्टिंग करते हुए सूची तैयार की जाएगी। जिसके बाद उनको टीकाकृत करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। हालांकि, इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के स्तर से भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने खसरा-रुबैला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है।



**प्रभावित इलाकों के बच्चों को दी जाएगी टीके की अतिरिक्त डोज :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार जिले में सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। निर्धारित अवधि में सर्वे का काम पूरा हो जाएगा। जिसके बाद मुख्यालय को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के तहत जिन इलाकों में खसरा-रुबैला संक्रमित बच्चों में 9 माह से नीचे के बच्चों का 10 फीसदी अथवा उससे अधिक मामले पाए जाएंगे, उन क्षेत्रों में 6 माह से 9 माह तक के सभी बच्चों को खसरा-रुबैला का एक टीका आउटब्रेक रिस्पांस इम्यूनाइजेशन के अंतर्गत दिया जाएगा। यह डोज नियमित टीकाकरण सारणी के अतिरिक्त दी जायेगी। जारी पत्र में निर्देशित है कि वैसे क्षेत्र जहां पिछले छह माह में खसरा-रुबैला के संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है, उन क्षेत्रों में खसरा-रुबैला की एक अतिरिक्त खुराक 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आउटब्रेक रिस्पांस इम्यूनाइजेशन के अंतर्गत दी जाएगी।

### 95 % रुबैला का वायरस वायुमंडल में फैलता है

रुबैला वायरस से फैलने वाला एक गंभीर रोग है जिसे जर्मन मिजिल्स के नाम से भी जाना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 95 प्रतिशत रुबैला का वायरस 15 साल तक के बच्चों के माध्यम से वायुमंडल में फैलता रहता है। यह वायरस गर्भवती माता के माध्यम से गर्भस्थ बच्चों पर गंभीर रूप से असर डालता है। जिससे बच्चे में अंधापन, गूंगापन, ह्रदय रोग, गुर्दा रोग एवं इसके साथ ही अपंग पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। इस वायरस से होने वाली विभिन्न समस्याओं को कोनजीनैटल रुबैला सिंड्रोम (सीआरएस) के भी नाम से जाना जाता है।

## नया भोजपुर स्थित अंबेडकर नगर के पांच दर्जन से अधिक लोगों को दिया गया था नोटिस

# अतिक्रमणकारियों को लाभ पहुंचाने के लिए अंचल प्रशासन ने साधी चुप्पी !

- हाईकोर्ट के आदेश पर भारी पड़ रहा है अंचल प्रशासन का पैंतरा
- प्रशासन को जितना भय हाईकोर्ट से है, उससे अधिक चिंता विधायक को खुश रखने की

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जल संचय केंद्रों को अतिक्रमण मुक्त करने में अंचल प्रशासन की रवैया उदासीन हो गई है। सोमवार को नया भोजपुर स्थित अंबेडकर नगर में निर्धारित तिथि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। जानकार बताते हैं कि नया भोजपुर के अतिक्रमणकारियों को स्थानीय प्रशासन की चुप्पी लाभ पहुंचाने की नीयत से है। मामला हाईकोर्ट के आदेश का है तो इसे टालना भी संभव नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में नया भोजपुर स्थित अंबेडकर नगर के पांच दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस देकर 12 दिसंबर को अतिक्रमण हटाए जाने का निर्देश दिया गया था। ऐसा ही निर्देश कुशलपुर पंचायत के नेनुआ गांव के तीन दर्जन लोगों के अलावा पुराना भोजपुर में दर्जनों लोगों को दिया गया है। नेनुआ में 14 दिसंबर तथा पुराना भोजपुर में 16 दिसंबर को अतिक्रमण हटाने का तिथि निर्धारित किया गया है।



**स्टे आर्डर के लिए प्रशासन दे रहा मोहल्लत :** बताया जाता है कि इस नोटिस पर स्थानीय विधायक अजीत कुमार सिंह द्वारा जताई गई नाराजगी के बाद स्थानीय प्रशासन की हाल सांप छछूंदर की हो गई है। प्रशासन को जितना भय हाईकोर्ट से है, उससे अधिक चिंता विधायक को खुश रखने की है। यही वजह है कि प्रशासन निर्धारित समय पर कार्रवाई न करते हुए उन्हें और मोहलत दे रहा है। ताकि इस मामले में हाईकोर्ट से स्टे आर्डर पाया जा सके। क्योंकि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें कई अंचल कार्यालय के पर्चा धारी भी हैं। बताया जाता है कि अंचल प्रशासन स्वयं नोटिस धारी लोगों को जल्दी से हाई कोर्ट जाने के लिए उकसा रहा है। नेनुआ तथा पुराना भोजपुर के लोगों की भी नजर अंचल कार्यालय द्वारा सोमवार को की जाने वाली कार्रवाई पर लगी थी।

### अंचल कार्यालय ने कहा- लिखित आवेदन देकर लोगों ने एक सप्ताह की मांगी है मोहलत

अंचल कार्यालय का कहना है कि नया भोजपुर के कई लोगों ने लिखित आवेदन देकर एक सप्ताह की मोहलत मांगी है। वैसे एक सप्ताह में प्रशासन की व्यस्तता निकाय चुनाव को लेकर होने से अतिक्रमण के खिलाफ करवाई खटाई में पड़ने की उम्मीद है। जान ले की हाईकोर्ट के आदेश पर जल संचय केंद्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके लिए आधा दर्जन पंचायतों को चिन्हित कर लिया गया है। जिसके पहले चरण में नया भोजपुर के बाद नेनुआ तथा पुराना भोजपुर अभियान चलाना है। हालांकि इस आलोक में बक्सर जिला झुग्गी झोपड़ी संघ के अध्यक्ष संतोष भारती का कहना है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि किसी भी गरीब और भूमिहीन को उजाड़ने से पहले उसे बसाना होगा। उन्होंने अंचल और जिला प्रशासन से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन के बाद ही कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्वयं स्वस्थ रहने के लिए अपने आसपास के इलाके को स्वच्छ रहना बहुत जरूरी: डीडीसी

- डुमरी पंचायत में अब शहरी तर्ज पर होगा घर-घर से कूड़ा का उठाव

**केटी न्यूज/सिमरी**

बिहार लोहिया स्वच्छता अभियान का सिमरी प्रखंड में शंखनाद सोमवार को डुमरी पंचायत से हुआ। अब डुमरी में भी शहरी तर्ज पर घर-घर से कूड़ा का उठाव कार्य शुरू हो गया है। डुमरी सिमरी प्रखंड का पहला पंचायत है जहां घर घर से कूड़ा का उठाव शुरू हुआ है।

लोहिया स्वच्छता अभियान फेस टू का उद्घाटन सोमवार को केपी उच्च विद्यालय प्रांगण में डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने फीता काटकर किया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वयं स्वस्थ रहने के लिए अपने आसपास को स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। बिहार लोहिया स्वच्छता मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की योजना घर से निकले बेकार कूड़ा का सदुपयोग कर खाद के रूप में प्रयोग करने तथा उससे किसानों को लाभान्वित करने का है। यह कार्य पंचायत स्तर पर ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले यह कार्य शहर में होता था। सरकार गांव को शहर की सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने कहा की इस अभियान को कार्य रूप देने में पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुमार की भूमिका बेहद सराहनीय है। निर्धारित समय में उन्होंने इसे कार्य रूप देकर अभियान की सफलता में प्रखंड का पहला पंचायत का श्रेय डुमरी को दिलाया है।



सफाइकर्मियों को सम्मानित करते डीडीसी

मुखिया प्रेम सागर कुमार ने बताया कि गांव के सभी घरों के लिए डस्टबिन की खरीद कर लिया गया है। 14 पंचायतों के लिए ठेला रिक्शा तथा एक ई रिक्शा के अलावे डोर टू डोर कूड़ा उठाव का सारा संसाधन प्रबंध कर लिया गया है। डुमरी स्थित केपी उच्च विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे बच्चियों ने आगत अतिथियों के लिए स्वागत गान गाया। आयोजन को लेकर गांव में गजब का उत्साह कायम था। इस मौके पर डीडीसी डॉ महेंद्र पाल प्रखंड विकास पदाधिकारी शशिकांत शर्मा एपीओ मनोज कुमार कार्यक्रम पदाधिकारी नुरुल हुदा प्रखंड स्वच्छता समन्वयक रविकांत मिश्रा के अलावे पंचायत के प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पाठक मुखिया प्रेम सागर कुमार सभी वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कोरान सराय पुलिस के लिए हेरोइन और शराब तस्करी रोकना बनी बड़ी चुनौती

- नए थानाध्यक्ष ने फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी को ले बनायी टीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल का कोरानसराय इलाका इन दिनों हेरोइन तस्करों का गढ़ बनता जा रहा है। लगातार हेरोइन की बरामदगी पुलिस के लिए चुनौती बनी है। शनिवार को जांबाज थानेदार के रूप में चर्चित रंजीत कुमार ने कोरानसराय थाने का पदभार ग्रहण किया और नशामुक्त इलाका बनाने के लिए हेरोइन धंधेबाजों से लेकर शराब तस्करों तक से निपटने के लिए मास्टरप्लान तैयार करने में जुट गये हैं।

थानाध्यक्ष ने मादक पदार्थ से जुड़े फाइलो को खंगाला तथा फरार तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर एक्शन मोड में दिखे। पुलिस की टीम इस बार हेरोइन की तस्करी कर अचूक संपत्ति अर्जित किये तस्कर की संपत्ति को जब्त करेगी। गिरफ्तार तस्करों की संपत्ति का आंकलन करने में विभाग तैयारी कर रहा है। जांच के बाद विभागीय टीम इसकी रिपोर्ट पीएमआरएल एक्ट के तहत विभागीय तथा गृह विभाग को पत्र लिख तस्करों के अवैध संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई शुरू करेगी। पुलिस के फाइलो पर गौर किया जाये तो कोरानसराय का रानीबाग, मठिला और कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज का इलाका तस्करों के लिए सेफ जोन माना जाता है। अब हेरोइन तस्करों की गिरफ्त में डुमरांव का पॉश इलाका भी शामिल होने लगा है, जहां से पिछले दिनों पुलिस ने हजारों रुपये के हेरोइन बरामद कर करीब दर्जनों तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी थी।

अब तक पुलिस की टीम 10 माह के दौरान 20 तस्करों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है। इन तस्करों के पास से करीब भारी मात्रा में हेरोइन और लाखों रुपये की राशि भी बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों की माने तो शराबबंदी के बाद इस इलाके में हेरोइन तस्करी का धंधा परवान चढ़ा है। इस कारोबार में शामिल तस्कर किशोरों और युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं।

## एक नजर

### किसान सलाहकार समिति की बैठक में बैंकों द्वारा कृषकों के खाता नहीं खोलने पर हुई चर्चा



**केसठ।** प्रखंड के ई-किसान भवन के सभागार में सोमवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी परमानंद सुमन के निर्देश पर प्रखण्ड किसान सलाहकार समिति आत्मा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष सतेंद्र दुबे ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि गतिशीलता प्रदान करना ही आत्मा का मूल लक्ष्य है। पंचायतवार सभी ग्रामों में कृषक हितार्थ वर्तमान परिस्थितियों में नीलगाय, जंगली सुअर आदि जानवरों से फसल की सुरक्षा, विद्युत चलित उपकरण किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराने, कृषक हित समूह एवं महिला खाद्य सुरक्षा का बैंक कर्मियों द्वारा खाता नहीं खोलने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। सहायक तकनीकी प्रबंधक डॉ प्रफुल्ल कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए प्रखण्ड किसान सलाहकार समिति किसानों को प्रशिक्षण के लिए राज्य से बाहर भेजे, ताकि किसान बेहतर तरीके से मशरूम उत्पादन, मछली पालन, बकरी पालन, जीरोटिलेज विधि से कृषि की नई तकनीक अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकें।वही बैठक में कृषि रोड मैप पर चर्चा की गई।साथ ही प्रखंड के सभी पंचायतों के कृषि समस्यायों से आधिकारी अवगत हुए। मौके पर लेखापाल प्रफुल कुमार, किसान सलाहकार रितेश कुमार, अमेंद्र कुमार समिति के सदस्य कन्हैया तिवारी, कृष्ण कुमार दुबे, फुलझड़ी देवी, देवंती देवी, संजय बारी सहित दर्जनों किसान एवं कर्मी मौजूद रहे।

### टीकपोखर के पास पलटा अनियंत्रित पिकअप, बाल बाल बचे चालक व व्यवसायी



**नावानगर।** आरा मोहनिया हाईवे पर हर दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। सोमवार को भी सोनवर्षा ओपी के टीकपोखर गांव के पास टमाटर लदा पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा गया। संयोग अच्छा रहा कि पिकअप में सवार चालक एवं व्यापारी बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि मलियाबाग से टमाटर लादकर पिकअप पटना की तरफ जा रही थी। इसी बीच टीकपोखर गांव के पास पिकअप बीच सड़क पर पलट गई। मदद को दौड़े स्थानीय निवासियों ने किसी तरह चालक व व्यापारी को पिकअप से बाहर निकाला। जब व्यापारी से उसका नाम व पता पूछा व तो कुछ भी बताने से परहेज कर रहा था। इधर दुर्घटना होने के घंटे भर बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के माध्यम से पलटी पिकअप को सीधा किया। जिससे की आरा-मोहनिया हाईवे पर वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध नहीं हो। ग्रामीण तेज नारायण तिवारी के अनुसार चालक एवं व्यापारी को एक खरोंच तक नहीं आई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने पीकअप को ट्रैक्टर के माध्यम सीधा किया। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि पिकअप पलटने की सूचना काफी देर बाद मिली थी। गश्ती दल उक्त स्थान पर पहुंची तो उस स्थान पर न तो पीकअप थी और न टमाटर। बस कैरेट टूटा हुआ था। आरा- मोहनिया फोरलेन बनने के बाद से ही लगातार दुर्घटना होने लगी है। देखा जाए तो दो दिन में तीन वाहनों की दुर्घटना हो चुकी है। जिसमें एक शिक्षक की मौत हो चुकी है। दुर्घटना होने की मुख्य वजह चिकनी एवं सपाट हाईवे के कारण वाहनों चालकों की तेज रफ्तार होना बताया जाता है।

### कतिकनार में बन रहे कचरा प्रबंधन केंद्र का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**केसठ।** केसठ प्रखंड के कतिकनार पंचायत में सरकारी जमीन पर अब शहर की तर्ज पर ठोस कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू होगा। इसकी कवायद प्रशासनिक स्तर से शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में सोमवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने पंचायत के स्थानीय गांव में निमार्णाधीन कचरा प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएस कतिकनार ने कहा कि संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सरकार जब जनता के लिए इतना कुछ कर रही है तो आम जनता का भी कुछ दायित्व बनता है, कचरा जहां भी बिखरा हुआ मिले सभी को एक जगह जमा करे। इस जमा कचरा का प्रोसेसिग किया जाएगा तथा जैविक खाद का निर्माण कराया जाएगा। इससे गांव व समाज स्वच्छ रहेगा। कहा कि गांव व समाज में एक संदेश जाना चाहिए कि कचरा यत्र-तत्र नहीं फेंके। अगर एक घर के लोग आसपास साफ रखेंगे और और उनके पड़ोसी साफ नहीं रखेंगे तो संपूर्ण स्वच्छता के उद्देश्य की पूर्ति नही होगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, डीआरपी राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार सहित ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

## डुमरांव के राज हाई स्कूल मैदान में 15 से 22 दिसंबर तक आयोजित होगी क्रिकेट प्रतियोगिता, आईपीएल में चुने गए कई खिलाड़ी भी दिखेंगे

# शहीद रविकांत मेमोरियल टूर्नामेंट में शिरकत करेंगी विभिन्न राज्यों की नौ टीमें

- आयोजक 11 स्टार क्रिकेट क्लब ने शुरू की तैयारी, प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के ऐतिहासिक राज हाई स्कूल के खेल मैदान में 15 से 22 दिसंबर के बीच शहीद आईपीएस रविकांत सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर्राज्जीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार, यूपी, बंगाल, झारखंड व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की कुल नौ टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें दर्जनों खिलाड़ी ऐसे भी आ रहे हैं जो आईपीएल और रणजी जैसे प्रथम श्रेणी के मुकाबले खेल चुके हैं। प्रतियोगिता में नॉक आउट सिस्टम लागू रहेगा तथा हारने वाली टीमें सीधे बाहर हो जाएगी। खास यह कि करीब एक दशक बाद इस बार इस प्रतिष्ठित टुनार्मेंट में डुमरांव की भी टीम भाग लेगी।



टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते आयोजन समिति के सदस्य।

सोमवार को राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजक 11 स्टार क्रिकेट क्लब के पदाधिकारियों ने एक प्रेस वार्ता कर इस आशय की जानकारी दी। आयोजक क्लब के अग्रणी नरेन्द्रनाथ ओझा ने बताया कि फाइनल मुकाबला जीतने वाली टीम को 1 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की जाएगी जबकि रनर टीम को 51 हजार रुपए नकद व रनर कप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूबे बिहार का यह सबसे बड़ी इनामी राशि वाली क्रिकेट प्रतियोगिता है। जिसमें झारखंड के उभरते क्रिकेटर विराट सिंह, आईपीएल स्टार दीपक पुनिया समेत कई बड़े खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। उन्होंने कहा कि शहीद आईपीएस रविकांत क्रिकेट क्लब भी इस टूनार्मेंट में शामिल हुई है। वहीं पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी संजय शर्मा ने कहा कि इस टूनार्मेंट के बहाने डुमरांव में फिर से शीर्ष स्तर के क्रिकेट को बढ़ावा देने की रूपरेखा बनाई गई है। जिसकी शुरुआत इस प्रतियोगिता से हो जाएगी। जबकि यमुना प्रसाद ने कहा कि यहां युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए क्रिकेट एकाडमी का संचालन भी किया जाएगा। जबकि कई अन्य क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्थानीय खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए बेहतर मंच दिया जाएगा। दूसरी तरफ इस आयोजन की जानकारी मिलते ही क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मौके पर विजय चौधरी, अरबिंद चौरसिया, बाबा यादव, विकास यादव समेत कई अन्य युवा क्रिकेटर उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### 27 वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

**मऊ।** एसपी अविनाश पांडे के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धरपकड़ एवं बिना कागजात के चल रहे दो पहिया एवं तथा चार पहिया वाहन की चेकिंग की जा रही है।इस क्रम में रविवार संध्या पुलिस ने कैलेंडर तिराहा, बॉर्डर चुंगी, सिकटिया मोड़, वलीदपुर पट्टी मार्ग पर कुल 27 दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की चेकिंग की। जिसमें सात दो पहिया वाहन का ई चालान कर वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिया गया। वहीं, 20 चार पहिया वाहन से भी जुमार्ना वसूला गया। मौके पर कोतवाल शैलेश सिंह, पंकज सिंह यादव, मनोज कुमार सिंह, लाल बहादुर प्रसाद, संतराज प्रसाद, कांस्टेबल मोहम्मद बिलाल खान, राघवेंद्र कुमार, संजय सिंह, रवि किरण सिंह एवं महिला कांस्टेबल मौजूद रहीं।

### दुकान में लगी आग

**मऊ।** रानीपुर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में रविवार की रात एक चाय समोसा के गुमटी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें लाखों का नुकसान हो गया। सेमरी गांव निवासी त्रिलोकी चौहान की गांव में चाय समोसा की दुकान गुमती में है। रविवार की शाम त्रिलोकी चौहान दुकान बंद कर अपने घर चले गये। रात में दुकान में आग लग गई। जिसमें डिपफ्रिजर, बैट्री, इन्वर्टर, पंखा, दो टीना रिफाइन, एक बोरी मैदा करीब जल जाने से एक लाख का नुकसान हो गया। आस पड़ोस के लोगों ने दुकानदार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान अंगद सिंह चौहान ने राजस्व कर्मी व 112 को सूचना दी।

### अराजक तत्वों ने लगाई टायर में आग

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के गंगापुर में रविवार सोमवार की रात करीब 12:00 बजे चंदन तिवारी पुत्र स्व. लल्लन तिवारी के घर के पास टायर फटने की आवाज सुनाई दी। चंदन तिवारी घर से बाहर निकलकर देखा, तो उसके थ्री व्हीलर टायर के पीछे के दाहिने हिस्से का टायर जल रहा है। उन्होंने तत्काल पानी लाकर आग बुझाई। अच्छा रहा कि टायर के बगल में ही सीएनजी की पाइप थी। टायर जलने एवं फटने से उनका करीब पांच हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

### झाड़ी में फेंका मिला नवजात बच्ची का शव

बलिया। जिले के फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रसंडा गांव स्थित नारी संरक्षण गृह के समीप की झाड़ी में एक नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार सुबह अग्रसंडा गांव के कुछ लोग टहल कर वापस रहे थे। तभी उन्हें झाड़ी में फेंके गए नवजात बच्ची का शव दिखा।

# नपा चुनाव : गाजीपुर नगर पालिका परिषद के सभी वार्डों में राजनीतिक गतिविधियां हुईं तेज

- जनसंपर्क में उतरे प्रमुख दलों के दावेदार
- पिछले चुनावों में भाजपा और सपा एक दूसरे को देती आई हैं टक्कर

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर पालिका परिषद, गाजीपुर में निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होती जा रही है। प्रमुख दलों द्वारा प्रत्याशी की भले ही घोषणा की गई हो, लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों के दावेदार अभी से वोटरों के चक्कर लगाने लगे हैं। कुछ ने चरण चुमना भी शुरू कर दिया है। देखा जाए तो नगर पालिका की सीट पर पिछले दो बार से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। वर्तमान में सरिता अग्रवाल नगर पालिका की चेयरमैन हैं।जबकि इसके पूर्व उनके पति विनोद अग्रवाल नपा के चेयरमैन रहे।

जिला मुख्यालय अंतर्गत सबसे बड़ी आबादी वाली नगरपालिका की इस सीट पर नजर डालें तो पिछले कई चुनावों से भाजपा और सपा मैदान में आमने-सामने एक दूसरे को टक्कर देती आई हैं। राजनीतिक पंडितों की माने तो इस बार भी भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के बीच आमना-सामना होना तय है। शासन से आरक्षण सूची जारी होने के बाद बीजेपी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के राजनीतिक दिग्गजों ने एक दूसरे को मात देने के लिए राजनीतिक शतरंज की बिसात बिछानी शुरू कर दी है।



जनसंपर्क करते उम्मीदवार

गाजीपुर नगर पालिका परिषद में भाजपा से विनोद अग्रवाल के चुनाव मैदान में आने की जहां पूरी संभावना है। वहीं सपा से विवेक कुमार सिंह शम्मी इस बार भी चुनाव लड़ सकते हैं। अगर सबकुछ ठीक रहा तो, इन दोनों को टिकट मिलना लगभग तय माना जा रहा है। सपा के दावेदार शम्मी ने नगर क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसके साथ ही चुनाव के मद्देनजर भाजपा के वर्तमान चेयरमैन सरिता अग्रवाल व उनके प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल भी पिछले कई महीनों से तैयारी में जुटे हैं। जनपद में कुल तीन नगर पालिका एवं पांच नगर पंचायत परिषद है। जिसमें कुल 136 वार्ड हैं। इन दिनों चुनावी सरगर्मी सबसे अधिक गाजीपुर नगर एवं जमानियां नगर पालिका परिषद में देखने को मिल रही है।

### सपा से प्रबल दावेदार विवेक कुमार सिंह शम्मी

समाजवादी पार्टी से टिकट की प्रबल दावेदारी विवेक कुमार सिंह शम्मी की है। जबकि सपा के अन्य नेता भी टिकट की दावेदारी ठोक रहे हैं। इसी तरह भाजपा के टिकट दावेदारों में वर्तमान चेयरमैन सरिता अग्रवाल के पति विनोद अग्रवाल प्रबल दावेदार है, जबकि अन्य लोग भी पार्टी से टिकट मांग रहे हैं। देखा जाए तो सबसे ज्यादा टिकट के दावेदार सपा व भाजपा में हैं। पिछली बार चुनाव में दूसरे नंबर पर रहने वाले विवेक कुमार सिंह शम्मी इस बार भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। सपा ने विवेक कुमार सिंह शम्मी पर अगर भरोसा जताया और टिकट दिया तो इस बार रिजल्ट पार्टी के पक्ष में भी हो सकता है। पिछले दो चुनावों में शम्मी बहुत कम वोटों के अंतर से चुनाव हारे हैं। नगर क्षेत्र में उनके द्वारा तैयार की गई राजनीतिक पृष्ठभूमि एवं मतदाताओं में पकड को काफी मजबूत माना जा रहा है।

## युवक की हत्या कर नहर के पास फेंका शव, मृतक की शिनाख्त में जुटी पुलिस



घटना स्थल की जांच करते एसपी व अन्य।

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के जमानिया कोतवाली क्षेत्र के हेतिमपुर बघरी नहर के समीप एक अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। युवक का चेहरे पर गहरे जख्म के निशान हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उसके शरीर पर ईंट या किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस कप्तान सहित अन्य अधिकारी पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं। एसपी ने घटना के तत्काल खुलासे का निर्देश दिया है। बता दें कि हेतिमपुर बघरी नहर की तरफ सोमवार की सुबह कुछ लोग गए हुए थे इसी बीच नाहर के समीप एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव देख सबका माथा चकरा गया। आनन-फानन में घटना की स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और युवक के शव मिलने की सूचना पुलिस कप्तान सहित अन्य अधिकारियों को दी।सूचना पाकर पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह के साथ ही क्षेत्राधिकारी जमानिया आदि मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर काफी मात्रा में खून पसरा हुआ था। युवक का चेहरा बुरी तरह से जख्मी है। हालांकि, उसकी मौत किसने की, वह कहां का रहने वाला है, यहां कैसे लाया गया आदि सवालों को लेकर पुलिस व ग्रामीणों के बीच पूरे दिन चर्चा होती रही। पुलिस भी युवक की मौत का सुराग लगाने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि मृतक वह पीले रंग की शर्ट, जिस पैंट पहने हुए था। उसका रंग गोरा, छरहरा और मजबूत जिस्म पर आधी दाढ़ी और मूंछ है। युवक की शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया गया है। आस-पास के जिलों में भी उसकी फोटो भेजी गई है। प्रकरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद घटना के खुलासे का निर्देश दिया है।

### नगर निकाय निर्वाचन की अग्रिम तैयारियों के मद्देनजर स्क्रीनिंग कमेटी का हुआ गठन

# निकाय चुनाव 2022 के तहत अधिसूचना जारी होते ही लागू होगी आदर्श आचार संहिता : डीएम

- जनपद में धारा-144 सीआरपीसी के अन्तर्गत निषेधाज्ञा भी होगा प्रभावी
- नोटिस प्राप्ति के पांच दिवस के अन्दर आग्नेयास्त्र जमा करेंगे लाइसेंसधारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इस क्रम में जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी ने सूचित किया है कि नगर निकाय समान्य निर्वाचन- 2022 की अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी तथा जनपद में धारा-144 सीआरपीसी के अन्तर्गत निषेधाज्ञा प्रभावी हो जाएगी। आप शस्त्र धारक से यह अपेक्षा की जाती है कि शान्ति भंग की संभावना को देखते हुए सात दिवस के अन्दर अपने शस्त्र को निकटवर्ती शस्त्र की दुकान में जमा कर जमा की रसीद दें। थाने में शस्त्र जमा कराकर तथा शस्त्र जमा की रसीद प्राप्त करें। उन्होंने बताया है यदि किन्हीं कारणों से आपको शस्त्र जमा करने में समस्या है, तो नोटिस प्राप्त करने के दो दिवस के अंदर जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर की संयुक्त स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष कारण सहित अपना आवेदन प्रस्तुत करें, जिस पर विचारण किया जाएगा। यदि आपने निर्धारित अवधि सात दिवस में अपना शस्त्र नहीं जमा कराया तो आपके विरूद्ध धारा 188 आईपीसी के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।



आर्यका अखौरी, जिला मजिस्ट्रेट, गाजीपुर

**आयोग द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी गठित किए जाने का निर्देश :** नगर निकाय निर्वाचन के अग्रिम तैयारियों को दृष्टिगत लाइसेंसी शस्त्रों के सत्यापन एवं जमा कराए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वर्णित व्यवस्था के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी गठन किए जाने का निर्देश दिया गया है। तद्क्रम में आगामी नगर निकाय निर्वाचन की अग्रिम तैयारियों के मद्देनजर कार्य-सम्पादन के लिए जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट- अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक- उपाध्यक्ष, आगामी नगर निकाय निर्वाचन से संबंधित कार्य को सकुशल नियमानुसार विधिक रूप से संपन्न कराने के लिए निम्न अधिकारियों को नामित किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा)-सदस्य, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर/ग्रामीण- सदस्य, संयुक्त निदेशक, अभियोजन- सदस्य, नामित अधिकारीगण शस्त्र से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों को विधि सम्मत परीक्षणोपरान्त जिला स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रस्तुत करेंगे।

### परिणाम घोषणा के एक सप्ताह के पश्चात वापस होगा आग्नेयास्त्र

जिला प्रशासन का यह दायित्व होगा कि जमा किये गये समस्त आग्नेयास्त्र निर्वाचन का परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के पश्चात तत्काल लाइसेंसधारियों को वापस हो जाये। अतः उपरोक्त सभी श्रेणी के व्यक्तियों/लाइसेंसधारियों को आदेशित किया जाता है कि अपना आग्नेयास्त्र, कारतूस तथा अनुज्ञापत्र तात्कालिक प्रभाव से थाने या अधिकृत शस्त्र विक्रेता के पास जमा कर दें। चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के एक सप्ताह बाद आग्नेयास्त्र, कारतूस तथा अनुज्ञापत्र सम्बन्धित लाइसेंन्सी द्वारा वापस लिया जा सकेगा। यदि उनके द्वारा आग्नेयास्त्र, कारतूस तथा अनुज्ञापत्र जमा करने से छूट हेतु प्रार्थना पत्र दिया जाता है, तो जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा परीक्षण कर निर्णय लिया जाएगा।

**स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम :** स्क्रीनिंग कमेटी अपना कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारम्भ कर देगी और कार्यवाही प्रत्येक दशा में 20 दिसंबर तक पूर्ण कर ली जायेगी। स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर लाइसेंसिंग अथारिटी निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पश्चात उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि से पहले लाइसेंसधारियों को आग्नेयास्त्र जमा करने हेतु व्यक्तिगत नोटिस देगा। साथ ही, उसे यह सूचित किया जाएगा कि आग्नेयास्त्र जमा करने में विफल होने पर उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अन्तर्गत अभियोजन संस्थित किया जायेगा। लाइसेंसी तत्काल और प्रत्येक दशा में नोटिस प्राप्ति के पांच दिवस के अन्दर आग्नेयास्त्र जमा करेगा, लाइसेंसिंग अथारिटी लाइसेंसी को उसकी रसीद प्रदान करेगा। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा। कोई लाइसेंसी उपर्युक्त निर्धारित अवधि के अन्दर यदि आग्नेयास्त्र जमा कराने में विफल पाया जायेगा तो वह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अन्तर्गत अभियोजन का उत्तरदायी होगा।

## पक्षी महोत्सव को लेकर पर्यटकों से गुलजार रहा सूरहा ताल

**केटी न्यूज/बलिया**

सूरहाताल पक्षी विहार महोत्सव के दूसरे दिन पर्यटकों की भीड़ से सूरहा ताल गुलजार रहा। लोगों ने खूब नौकायन का आनंद लिया। बच्चों ने भी झूले और अन्य मनोरंजन के साधनों के जरिए खूब मस्ती की। वहीं युवाओं के बीच सेल्फी लेने की होड़ देखने को मिली। पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सूरहा ताल को पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में प्रयास काफी सराहनीय है। प्रवासी पक्षियों के लिए यहां शुद्ध और उनके अनुकूल वातावरण है। प्रवासी पक्षी यहां की सुंदरता में एक हैं। दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। सूरहा ताल पक्षी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ. इफ़्तेखार खान के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर कला प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता हुई। सभी प्रतियोगिताएं प्राकृतिक वनस्पति, जीव जंतुओं और पर्यावरण पर आधारित रही। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने की आत्महत्या, प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के बलिया थाना क्षेत्र के जगछपरा स्थित बेलहरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी।विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि जगछपरा, बेलहरी स्थित सीताराम यादव उर्फ अभय यादव की पत्नी गुड़िया उर्फ पिंकी (23 वर्षीय) घर में लगे पंखे में दुपट्टा फंसा कर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची फोटोग्राफी करते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नीचे उतार शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि विवाहिता के पिता दोकटी थाना अंतर्गत श्रीपतिपुर निवासी परमात्मा यादव की तहरीर के आधार पर मृतिका के पति सीताराम यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। गुड़िया उर्फ पिंकी की शादी 2019 में सीताराम यादव से हुई थी।

## एक नजर

### बलिया पुलिस ने जौनपुर जाकर अभियुक्त के घर मुनादी कराई, नोटिस चस्पाया



**बलिया।** जनपद के मनियर थाने के अभियुक्त के गांव एवं घर पर जाकर मनियर पुलिस ने 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विशाल पासवान उर्फ संजय पुत्र शोभनाथ निवासी सोबंसा थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर के खिलाफ मुनादी कराई एवं नोटिस चस्पा किया। बताया जाता है कि अभियुक्त विशाल पासवान उर्फ संजय पुत्र शोभनाथ निवासी सोबंसा थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर के खिलाफ एसीजेएम जनपद बलिया द्वारा 82 सीआरपीसी का आदेश किया गया था जिसको उपनिरीक्षक बीरबल यादव के द्वारा अभियुक्त के घर व गांव में नोटिस चस्पा किया गया व डुगडुगी पिटवाई गई कि वह न्यायालय में आकर हाजिर हो अन्यथा उसकी चल अचल संपत्ति कुर्क जाएगी।

### छात्रों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए 72 घंटे का दिया अल्टीमेटम

**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के आह्वान पर छात्रों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में चेताया कि यदि 72 घंटे के अंदर दोषी शिक्षक की गिरफ्तारी नहीं की जाती है और अवैध रूप से छात्रों से लिए गए एक–एक हजार रूपए वापस नहीं हुई तो छात्र उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू ने कहा कि अब महाविद्यालय शिक्षा के केंद्र नहीं अपितु धन उगाही और खरीद फरोख्त का केंद्र बन गया है। शिक्षकों के तानाशाही रवैया और जिला प्रशासन की चुप्पी ने बलिया के शैक्षिक वातावरणों को तहस–नहस कर दिया है। वहीं, झुन्नू सिंह ने चेताया कि यदि 72 घंटे के अंदर दोषी शिक्षक की गिरफ्तारी व छात्रों से लिए गए एक हजार रुपए वापस नहीं हुआ, तो नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू आगामी शुक्रवार को आत्मदाह के लिए बाध्य होंगे। यदि इस समय किसी ने रोकने का प्रयास किया तो आगामी 19 दिसंबर को छात्र कर्फ्यू लगाए जाएंगे। मौके पर नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू, नितेश सिंह, अनुपम उपाध्याय, राहुल मिश्र,यशजीत सिंह, आदित्य प्रताप सिंह आदि छात्रगण मौजूद रहे।

### नगर पालिका परिषद क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न वार्डों की योजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

# नगर के विकास से लोगों के जीवन स्तर में भी हुआ सुधार : अनिल राजभर

- नपा परिषद द्वारा 13.04 करोड़ की 95 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास
- तीन करोड़ रुपए की लागत से बने 26 परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर के विकास के लिए प्रयत्नशील नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल व सभी सभासदों के द्वारा किए गए कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की जा रही है। इस क्रम में एक बार फिर सोमवार को आमघाट स्थित गांधी पार्क में नगर पालिका परिषद द्वारा 13.04 करोड़ रुपए की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। वहीं, लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से बने 26 परियोजनाओं का लोकार्पण उ.प्र. शासन के श्रम व सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, एमएलसी विशाल सिंह 'चंचल', गाजीपुर लोकसभा के संयोजक कृष्ण बिहारी राय, काशीक्षेत्र की उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा एवं नपा परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को नपा पालिका की अध्यक्ष ने धरातल पर उतारने की कोशिश की। जिसमें वो सफल भी रहीं। गत दिनों में शहर का काफी विकास हुआ है। सैकड़ों परियोजानओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण से नगर का विकास देखा जा रहा है। भाजपा का नेतृत्व काफी संवेदनशील है। इसलिये तो सबसे अधिक नगरों का विकास इसी कार्यकाल में हुआ है। 2014 और 2017 से पहले और अब के कस्बों, नगरों और महानगरों की सूरत में क्या फर्क है वह देखा जा सकता है। इसी का परिणाम है कि आज लोगों के जीवन स्तर में भी काफी सुधार हुआ है। जो प्रदेश कभी बीमार राज्य की श्रेणी में था आज स्वच्छता की गणना में आगे है।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करती काशी क्षेत्र की उपाध्यक्ष व अन्य

नपा एमएलसी विशाल सिंह ह्यचंचलह्न ने कहा कि नगर के विकास में जितनी तन्मयता, जिस लगन और शिद्दत के साथ नगर पालिका की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने विकास कार्य को नया आयाम दिया है, उसे गाजीपुर नगर का बच्चा-बच्चा, हर एक व्यापारी एवं हर जाति धर्म के सम्प्रदाय के लोग जानते होंगे कि नगर का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट के सामने प्रस्ताव आया कि करीब एक दशक से नगरों और महानगरों का विस्तार नहीं हुआ था। योगी सरकार ने कई नगर निकायों व नगर निगमों का विस्तार किया है। नपा के विस्तार व नवगठित क्षेत्र के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया है।

गाजीपुर लोकसभा के संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि वास्तव में नगर पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में जितना विकास कार्य हुआ है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भाजपा काशी क्षेत्र की उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष की कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर की जनता ने पूरे विश्वास के साथ सरिता अग्रवाल को समर्थन दिया, उस विश्वास सरिता अग्रवाल खरा उतरी हैं। वहीं, नपा की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि सभी के आशीर्वाद से हमने प्रत्येक क्षेत्र में विकास का काम किया है। संगठित पार्टी और निकाय ही विकास की धारा को अविरल बनाए रखेगी। आगे भी मौका मिला तो नगर का और अधिक विकास एवं सेवा करती रहूंगी।